# B.A. (Part-I) EXAMINATION, 2017

**(Faculty of Arts)**

**[Also Common with Subsidiary Paper of B.A. (Hons.) Part-I Three-Year Scheme of 10+2+3 Pattern]**

## संस्कृत साहित्य

### प्रथम प्रश्न-पत्र—दृश्य एवं श्रव्य काव्य

Time Allowed : Three Hours Maximum Marks : 100

**सभी ( लघूत्तरात्मक तथा वर्णनात्मक ) प्रश्नों के उत्तर मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें। लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर प्रश्नों के क्रमानुसार ही दें। इसी प्रकार किसी भी एक वर्णनात्मक प्रश्न के अन्तर्गत पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में अलग-अलग स्थानों पर हल करने के बजाय एक ही स्थान पर क्रमानुसार हल करें। प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें।**

**किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अत: परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखें।**

**PART-I (SHORT ANSWER)** **M.M. : 30**

**प्रत्येक प्रश्न-पत्र में 15 प्रश्न लघूत्तरात्मक होंगे जिसमें से प्रथम 5 प्रश्नों का उत्तर संस्कृत भाषा के माध्यम से देना होगा, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। जिस प्रश्न-पत्र में संस्कृत अनुवाद/निबन्ध पूछे गए हैं, वहाँ संस्कृत में उत्तर अपेक्षित नहीं है।**

1. पद्मावती को रनिवास में छोड़कर वासवदत्ता क्रीडोद्यान में क्यों चली गई ?
2. वासवदत्ता किस औषधि को सुहागमाला में गूंथना चाहती थी और किसे नहीं ? कारण बताइए।
3. वसन्तक ने पद्मावती एवं वासवदत्ता में से किसे प्रिय बताया और क्यों ?
4. भर्तृहरि के अनुसार कवच, औषधि एवं आभूषण की आवश्यकता कब नहीं होती ?
5. भर्तृहरि के अनुसार सप्तशल्य कौनसे हैं ?
6. नीतिशतक के अनुसार राजा को किन लोगों के साथ स्पर्धा नहीं करनी चाहिए ?
7. नीतिशतक के अनुसार किस तरह के लोगों को किस प्रकार प्रसन्न किया जा सकता है ?
8. अमृत वचनों के द्वारा दुर्जन को सन्मार्ग पर लाने का प्रयास किसके समान कहा गया है ?
9. राजा उदयन को होश में लाने का प्रयास करने वाला कौन था ?
10. पद्मावती ने किसके साथ विवाह करने की इच्छा व्यक्त की और वह किससे विवाह नहीं करना चाहती थी ?
11. राजा दिलीप की उत्पत्ति किसकी उत्पत्ति के समान कही गई है ?
12. राजा दिलीप ने किनको तिरस्कृत करते हुए पृथ्वी को हस्तगत कर लिया ?
13. राजा दिलीप ने अपना समस्त कार्य भार मंत्रियों को क्यों सौंप दिया ?
14. कामधेनु द्वारा दिए गए शाप को दिलीप किस कारण नहीं सुन सके ?
15. महर्षि वशिष्ठ ने राजा दिलीप के लिए राजसी भोजन आदि का प्रबन्ध क्यों नहीं किया ?

15×2=30

**PART-II (DESCRIPTIVE)** **M.M. : 70**

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो श्लोकों की व्याख्या कीजिए— 5+5

(क) तीर्थोदकानि समिध: कुसुमानि दर्भान्
स्वैरं वनादुपनयन्तु तपोधनानि।
धर्मप्रिया नृपसुता न हि धर्मपीडा-
मिच्छेत् तपस्विषु कुलव्रतमेतदस्या:।

(ख) कामेनोज्जयिनीं गते मयि तदा कामव्यवस्थां गते
दृष्ट्वा स्वैरभवन्तिराजतनयां पञ्चेषवः पातिताः।
तैरद्यापि सशल्यमेव हृदयं भूयश्च विद्धा वयं
पञ्चेषुर्मदनो यदा कथमयं षष्ठः शरः पातितः॥

(ग) श्लाघ्यामवन्तिनृपतेः सदृशीं तनूजां
कालक्रमेण पुनरागतदारभारः।
लावाणके हुतवहेन हृताङ्गयष्टिं
तां पद्मिनीं हिमहतामिव चिन्तयामि॥

(घ) श्रोणीसमुद्वहन पार्श्वनिपीडितानि
खेदस्तनान्तरसुखान्यु पगूहितानि।
उद्दिश्य मां च विरहे परिदेवितानि
वाद्यान्तरेषु कथितानि च सस्मितानि॥

2. 'स्वप्नवासवदत्तम्' के अनुसार भास की नाट्यकला पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। **अथवा**
स्वप्नवासवदत्तम् के अनुसार उदयन का चरित्रचित्रण कीजिए। 5

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो श्लोकों की व्याख्या कीजिए- 14

(क) शिरः शार्वं स्वर्गात् पशुपतिशिरस्तः क्षितिधरं
महीध्रादुत्तुङ्गादवनिमवनेश्चापि जलधिम्।
अधोऽधो गङ्गेयं पदमुपगता स्तोकमथवा
विवेकभ्रष्टानां भवति विनिपातः शतमुखः॥

(ख) जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः।
नास्ति येषां यशः काये जरामरणजं भयम्॥

(ग) मणिः शाणोल्लीढः समरविजयी हेतिदलितो
मदक्षीणो नागः शरदि सरितः श्यानपुलिना।
कलाशेषश्चन्द्रः सुरतमृदिता बालवनिता
तनिम्ना शोभन्ते गलितविभवाश्चार्थिषु नराः॥

(घ) संपत्सु महतां चित्तं भवेदुत्पलकोमलम्।
आपत्सु च महाशैलशिलासंघातः कर्कशम्॥

4. नीतिशतक के अनुसार दुर्जनों के स्वभाव का निरुपण कीजिए। **अथवा**
नीतिशतक के अनुसार 'विद्या की महिमा' का प्रतिपादन कीजिए। 6

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो श्लोकों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 5+5

(क) प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।
सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः॥

(ख) स्थित्यै दण्डयतो दण्ड्यान्परिणेतुः प्रसूतये।
अप्यर्थकामौ तस्यास्तां धर्म एवं मनीषिणः॥

(ग) स वेलावप्रवलयां परिखीकृत सागराम्।
अनन्यशासनामुर्वी शशासैकपुरीमिव॥

(घ) अदूरवर्तिनीं सिद्धिं राजन्विगणयात्मनः।
उपस्थितेयं कल्याणी नाम्नि कीर्तित एव यत्॥

6. रघुवंश के प्रथम सर्ग के अनुसार दिलीप की शासन व्यवस्था का विवेचन कीजिए। **अथवा**
रघुवंश के प्रथमसर्ग के अनुसार 'उपमा कालिदासस्य' उक्ति की विवेचना कीजिए। 5

7. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच का हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 10

(क) शत्रून् पराजयते। (ख) वनाय गां मुमोच।

(ग) स्वरेण रामभद्रमनुहरति।

(घ) युद्धाय संनह्यते।

(ङ) चर्मणि द्वीपिनं हन्ति।

(च) तिलेभ्य: प्रतियच्छति मावान्।

(छ) पर्वतो वह्निमान् धूमात्।

(ज) वाण्येका समलंकरोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते।

(झ) त्रिशंकुरिव अन्तरा तिष्ठ।

(ञ) ग्रामं समया रम्या पुष्पवाटिका।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए– 10

(क) अध्ययन से हार मानता है।

(ख) रमा को लड्डू अच्छा लगता है।

(ग) ब्राह्मण को गाय देने की प्रतिज्ञा करता है।

(घ) आज पुत्री माता के साथ विद्यालय जायेगी।

(ङ) विद्या से यश प्राप्त होता है।

(च) सन्मार्ग पर चलता है।

(छ) गंगा का जल पवित्र होता है।

(ज) मुनियों में वशिष्ठ श्रेष्ठ हैं।

(झ) मोहन आसन पर बैठता है।

(ञ) पुत्री माता का स्मरण करती है।